जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-27 | जयपुर, सोमवार, 21 जुलाई, 2025 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

### जयपुर के दादिया में सहकार और रोजगार उत्सव हुआ संपन्न

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बन रहा समृद्ध, सुरक्षित और विकसित-अमित शाह

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सहकारिता में देश के शीर्ष 5 राज्यों में शामिल

**जयपुर (हमारा वतन)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को समृद्ध, सुरक्षित और विकसित बना रहे हैं। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक और पहलगाम के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया और पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों को नेस्तनाबूत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को संदेश दिया कि भारतीय सीमा, सेना और नागरिकों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाए, वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं।

शाह जयपुर के दादिया में सहकार एवं रोजगार उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरता, देश भक्ति और धर्म संरक्षण की भूमि है।



केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अल्प समय में ही बहुत काम किए हैं। राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन कर पेपरलीक माफियाओं के खिलाफ सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में लगभग 35 लाख करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू हुए, जिनमें से लगभग 3 लाख करोड़ के एमओयू पर काम भी शुरू हो चुका है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश आज दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और लगभग 27 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में इन सभी योजनाओं और कार्यों का बेहतरीन क्रियान्वयन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देश में नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। सहकार से समृद्धि के पथ पर देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 41 हजार से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनसे 1 करोड़ 10 लाख से अधिक लोग जुड़े हैं। अब तक 976 नए एम-पैक्स का गठन किया जा चुका है। दो वर्षों में शेष सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नया को-ऑपरेटिव कोड लाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस दौरान शाह ने किए विभिन्न लोकार्पण तथा योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए ।

### डॉ. सत्यनारायण सिंह द्वितीय स्मृति व्याख्यान का हुआ आयोजन

# डॉ. सत्यनारायण सिंह आई.ए.एस. की वेबसाईट और पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

**जयपुर (हमारा वतन)।** पूर्व आई.ए.एस. स्व.डॉ. सत्यनारायण सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में डॉ. सत्यनारायण सिंह द्वितीय स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व मुख्यवक्ता पद्म भूषण डॉ. डीआर मेहता ने शासन ओर मानवता विषय पर बोलते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि शासन का तात्पर्य मात्र प्रशासनिक संरचना, नीतियों एवं कानूनों से नहीं है, बल्कि यह उस दृष्टिकोण और कार्यप्रणाली का प्रतीक है जिससे एक राज्य या संस्था अपने नागरिकों की आवश्यकताओं अधिकारों और गरिमा का सम्मान करते हुए कार्य करती है। इन्होने स्व. डॉ. सत्य नारायण सिंह को अपने युग का धुरन्दर व कुशल प्रशासक बताया। उन्होंने सेवानिवृत्ति के पश्चात भी लेखनी में सक्रिय रहे।



जीवन के निर्मल सत्य पुस्तक स्व डॉ. सत्य नारायण सिंह के जीवन के विभिन्न पहलुओं, परिवार, प्रशासन, समाजसेवा, और निजी अनुभवों पर आधारित है। विशिष्ट अथिति व समाज सेवी डॉ. रामचंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की सबसे बडी आवश्यकता है, ऐसा शासन जो नीतिगत रूप से सशक्त हो ।

इस अवसर पर राष्ट्र के महान व्यक्तियों पर स्व. डॉ. सत्य नारायण सिंह द्वारा लिखे आलेखों का संग्रह भारत के युग पुरुष पुस्तक का विमोचन भी किया गया। पुस्तक का सम्पादन कार्य सद्दीक अहमद एवं सह संपादन हेमंत कुमार शर्मा ने किया। साथ ही इस अवसर पर डॉ. सत्यनारायण सिंह आई ए.एस. (आर.) की वेबसाईट का लोकार्पण भी किया गया जिसमें डॉ. सत्यनारायण सिंह के विषय में समस्त जानकारी उपलब्ध रहेगी।

इस अवसर पर निर्मला सिंह, इंजीनियर सीताराम सैनी, डॉ. रिपुन्जय सिंह, प्रो. बी. एम शर्मा पूर्व अध्यक्ष आरपीएससी, एम एल कुमावत रिटा आईपीएस, राजीव अरोडा, सनी सबेस्टियन, पूर्व कुलपति- हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, आर एस जाखड रिटा आई.ए.एस., सत्येन चतुर्वेदी, भरत कुदाल, कृष्ण शर्मा, फारूख आफरीदी, सद्दीक अहमद, हेमन्त कुमार शर्मा, राधेश्याम उपाध्याय आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे ।

# घेवरों की सुगंध से महक रहा चौमूं, होलसेल रेट में मिल रहे घेवर

### तीज और सिंजरे के लिए तैयार हो रहे घेवर

**चौमूं (हमारा वतन)।** भारतीय संस्कृति में त्योहारों का अलग ही महत्व है । मौसम के अनुसार भारतीय त्यौहार आते हैं । बारिश के मौसम में रविवार 27 जुलाई को तीज का त्यौहार पूरे राजस्थान प्रदेश में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। 2 दिन तीज माता की सवारी निकलती है और लोग तीज माता से सुख शांति की कामना करते हैं।



वहीं तीज के पहले दिन सिंजारा पर्व मनाया जाता है । जहां नई नवेली दुल्हनों के सिंजारा डाला जाता है। सिंजारे में मुख्य रूप से घेवर उपहार में दिए जाते हैं ।

चौमूं शहर के एन एच 52 स्थित करवों की ढाणी में तीज और गणगौर के त्यौहार पर स्पेशल घेवर बनाए जाते हैं । श्री बालाजी मिष्ठान भंडार के ओनर मुकेश सैनी ने बताया कि कई वर्षों से घेवर बनाने का काम कर रहे हैं । त्यौहार पर महीने भर पहले से ही घेवर तैयार करने लग जाते हैं। चौमूं तहसील के आसपास के गांवों में घेवर की सप्लाई होती है। घेवर तो कई जगह बनते हैं, लेकिन हमारे यहां पर शुद्धता के साथ स्वच्छता का भी ध्यान रखा जाता है, इसलिए इनका स्वाद ही अलग होता है । हमारे यहां पर होलसेल रेट में सभी लोगों के लिए घेवर उपलब्ध हैं ।

### रक्तदान अमृत महोत्सव के पोस्टर का हुआ विमोचन




**नागपुर (हमारा वतन)।** तेरापंथ युवक परिषद् नागपुर द्वारा आयोजित रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के पोस्टर का विमोचन भारत सरकार सडक परिवहन केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी के कर कमलों द्वारा हुआ ।

आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि यह महोत्सव आगामी 17 सितंबर 2025 को पूरे देश में आयोजित होने वाला है।

### अखिल राजस्थान दंत चिकित्सा संघ ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** अखिल राजस्थान दंत चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ. हरिमोहन मीना के नेतृत्व में दंत चिकित्सकों की नई भर्ती को लेकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को ज्ञापन सौंपा ।

यूनियन कोऑर्डिनेटर डॉ. राहुल कुमार शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट किया। ज्ञापन में दंत चिकित्सकों की नई भर्ती को लेकर एवं 2019 से पेंडिंग चल रही फाइल को लेकर उपमुख्यमंत्री को अवगत करवाया ।

इस दौरान डॉक्टर नरसी, डॉ. प्रवीण, डॉ. रणधीर कुड़ी उपस्थित रहे ।



# 78 वर्षीय दादा और 18 वर्षीय पोते ने संगीत में रचा इतिहास

❑एक साथ तीन कलाओं में प्राप्त की प्रथम श्रेणी ❑ सीखने की कोई उम्र नहीं होती का जीवंत उदाहरण

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर संगीत महाविद्यालय एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं ऐतिहासिक उपलब्धि का साक्षी बना, जब 78 वर्षीय आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने अपने 18 वर्षीय पौत्र खुमान पाटोदिया के साथ संगीत की परीक्षाएं दी और दोनों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

जहाँ युवा खुमान पाटोदिया ने शास्त्रीय गायन में निपुण पार्ट 2 परीक्षा को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया, वहीं उनके दादाजी आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने संगीत की तीन प्रमुख विधाओं में एक साथ परीक्षा देकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर कीर्तिमान रच दिया।

जानकारी के अनुसार आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने शास्त्रीय गायन में विशारद फ़ाइनल - प्रथम श्रेणी से, कथक नृत्य में विशारद फ़ाइनल -प्रथम श्रेणी एवं विशिष्ट योग्यता,तबला वादन में प्रथमा पार्ट 1 -प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है । 78 वर्ष की आयु में एक ही वर्ष में एक साथ इन तीनों कलाओं में सफलता प्राप्त करना न केवल दुर्लभ है, बल्कि यह विश्व स्तर पर एक उल्लेखनीय कीर्तिमान है।

जयपुर संगीत महाविद्यालय के सचिव राम शर्मा ने कहा कि आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया एवं खुमान की यह उपलब्धि संगीत



प्रेमियों और नई पीढ़ी के लिए एक संदेश है कि समर्पण, साधना और प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है । यह उपलब्धियां गुरु-शिष्य परंपरा, पारिवारिक सहयोग और भारतीय संगीत-संस्कृति की अमिट मिसाल है।

महाविद्यालय द्वारा दोनों शिष्यों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया और इस प्रेरक यात्रा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए विशेष अभियान चलाने की घोषणा की गई।



## पंडित रविंद्राचार्य ने उत्कृष्ट कार्य करने पर गोविंदगढ़ थाना प्रभारी का किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्राचार्य ने अच्छे कार्य करने पर गोविंदगढ़ थाना प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा का सम्मान किया।

पंडित रविंद्राचार्य ने गोविंदगढ़ पुलिस थाना अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा थाने में पहुंचकर साफा, माला, श्याम बाबा का दुपट्टा पहनाकर एवं कलम भेंटकर सम्मान किया गया । इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार भगवान सहाय यादव, यादव समाज के वरिष्ठ नेता राधेश्याम यादव भी उपस्थित रहे।



## शहीद दिवस पर ग्रामवासियों ने देश के जवानों को किया नमन

**जयपुर (हमारा वतन)।** शहीद दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये शहीद सैनिकों के सम्मान अभियान कार्यक्रम के क्रम में गोविन्दगढ़ के मुख्य बाजार चौपड़ में सीआरपीएफ बटालियन से शहीद सब इंस्पेक्टर नारायणलाल कुमावत की 35वीं पुण्यतिथि पर ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि दी ।

इस अवसर पर सीआरपीएफ जीसी1 बटालियन अजमेर से पधारे इंस्पेक्टर बलबीर सिंह ने वीरांगना बसंती देवी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा की मातृभूमि की रक्षा में वीरगति को प्राप्त सैनिकों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

इस दौरान पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, ग्राम पंचायत प्रशासक महेंद्र शर्मा, रामावतार राजोरिया, गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत, नरेश बागवान, सुभाष धीजपुरिया, दिनेश धीजपुरिया सहित कई लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# यूईएम जयपुर में IEEE कंप्यूटर सोसाइटी चैप्टर का हुआ शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (UEM), जयपुर ने IEEE कंप्यूटर सोसाइटी स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत भारतीय मौसम विभाग (IMD), पुणे के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला AI आधारित मौसम पूर्वानुमान पर आयोजित की गई।



कार्यशाला का संचालन डॉ. सोमनाथ महतो, प्रख्यात वैज्ञानिक, IMD पुणे द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के उपयोग से मौसम पूर्वानुमान के नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी और व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया। B.Tech और BCA छात्रों ने इस उन्नत विषय पर गहन अनुभव प्राप्त किया।

प्रो. बनानी चक्रवर्ती, कुलाधिपति, श्वरू जयपुर ने छात्रों को नवाचार के साथ जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी, कुलपति ने पर्यावरण और डेटा विज्ञान में AI की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. (डॉ.) सत्यजीत चक्रवर्ती, निदेशक IEM-UEM समूह एवं प्रो-वाइस चांसलर ने IEEE सदस्यता को वैश्विक अनुसंधान से जुड़ने का प्रभावशाली माध्यम बताया। प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

वरिष्ठ IEEE सदस्य और प्रख्यात शोधकर्ता प्रो. (डॉ.) अंगशुमान खान ने IEEE की नवाचार और अनुसंधान में भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. देबज्योति चटर्जी (IEEE CS फैकल्टी एडवाइजर) एवं प्रो. सुरजीत सुर (IEEE काउंसलर, यूईएम जयपुर) के मार्गदर्शन में हुआ। यह आयोजन यूईएम जयपुर के शैक्षणिक एवं अनुसंधान जगत में एक सशक्त पहल के रूप में स्थापित हुआ।

## हरेला त्योहार हमारे पूर्वजों की देन हैं-वृक्षमित्र डॉ. सोनी



**देहरादून (हमारा वतन)।** हरेला पर्व पर वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी व किरन सोनी ने मेरा पेड़-मेरा दोस्त अभियान के तहत जहां पौधारोपण किया वहीं उन्होंने पुलिस कर्मियों व ट्रैफिक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को दोनो पति पत्नी ने तुलसी, तेजपत्ता के पौधे उपहार स्वरूप भेंट किए। डॉ. सोनी व किरन सोनी ने थाना रायपुर में जाकर थाना प्रभारी गिरीश नेगी, मोहित सिंह, कलादेवी एवं फवारा चौक, घंटकर, थाना डालनवाला, सर्वचौक, आराघर चौकी में ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों को पौधा भेंटकर हरेला का संदेश दिया । वहीं पौधा उपहार में भेंटकर पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण करने की अपील की।

## 151 जोड़ों ने सामूहिक रूप से किया शिव महारुद्राभिषेक

**जयपुर (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में करणी वाटिका मैरिज गार्डन में श्री श्री 108 गिरधारी दास महाराज के सानिध्य में 151 जोड़ो द्वारा सामूहिक शिव पार्थिव महा रुद्राभिषेक किया गया।

व्यवस्थापक कैप्टन पंडित श्रीराम शर्मा ने बताया कि आचार्य पंडित राकेश शर्मा, उप आचार्य पंडित मनोज शर्मा, सह आचार्य विकास शर्मा के आचार्यत्व में 111 विद्वानों ने रुद्री के पाठ कर कार्यक्रम को संपन्न करवाया।

प्रदेश महासचिव बनवारीलाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुर आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य गौरी शंकर इंदौरिया रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने की । कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बैंड बाजे के साथ भगवान शिव-पार्वती की बारात एवं तांडव नृत्य रहा।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, उप सभापति किरण शर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा,



सीमेंट व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, पूर्व गौड विप्र समाज अध्यक्ष कृपा शंकर शर्मा ने शिरकत की ।

महारुद्राभिषेक में कथा वाचक पंडित चंद्रप्रकाश शास्त्री, डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, डॉ. बंशीधर शर्मा, डॉ. रामप्रकाश शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा रीडर, डॉ. सीताराम कुमावत, नारायण लाल शर्मा, रामलाल शेरावत, सत्य प्रकाश पारीक, भवानी शंकर शर्मा, मुकेश दीक्षित, मुकेश लालानी, ममता दीक्षित, सुधा शर्मा. डॉ. सुरेंद्र शर्मा,रमेश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।




## जॉब्स

1. एसएससी, पद एमटीएस हवलदार, पद संख्या 1075, अंतिम तिथि 24 जुलाई 2025
2. आरएसएमएसएसबी, पद ग्राम विकास अधिकारी, पद संख्या 850, अंतिम तिथि 24 जुलाई 2025
3. इंडियन रेलवे आरआरबी पद टेक्नीशियन पद संख्या 6180 अंतिम तिथि 28 जुलाई 2025
4. राजस्थान हाई कोर्ट,पद पियोन, ड्राइवर, पद संख्या 5670, अंतिम तिथि 26 जुलाई 2025
5. आरएसएमएसएसबी, पद लैब अटेंडेंट, पद संख्या 54, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2025
6. भारतीय वायु सेवा, पद अग्नि वीर, पद संख्या 2500, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025
7. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद एसीआईओ ग्रेड II/ एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 3717, अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025
8. इंडियन बैंक, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1500, अंतिम तिथि 7 अगस्त 2025

(आलेख)

## बाघ और गधा

एक दिन गधे और बाघ में बहस हो गई । गधे ने कहा- घास का रंग नीला होता है, बाघ ने कहा बकवास, घास का रंग हरा होता है। झगड़ा बढ़ गया। दोनों जंगल के राजा शेर के पास पहुंचे। शेर ने दोनों की बात सुनी और तुरंत ही फैसला सुनाया। गधा सही कहता है, उसने बाघ से कहा- जाओ,जंगल के तीन चक्कर लगाकर आओ।


कुछ दिन बाद गधा और बाघ फिर उसी बात को लेकर उलझ पड़े। मामला फिर शेर के पास पहुंचा शेर ने कहा - गधा ठीक कहता है। उसने बाघ से फिर जंगल के तीन चक्कर लगाने को कहा।

बाघ परेशान,एक दिन बाद अकेले में शेर से मिला - क्या आप सचमुच मानते हैं की घास नीली होती है।

शेर ने कहा - नहीं,किसने कहा घास तो हरी होती है।

बाघ- फिर मुझे जंगल का चक्कर लगाने की सजा क्यों दी आपने?

शेर बोला, तुमको सजा इसलिए मिली कि तुम गधे से बहस में उलझे! क्या समझे एक सीमा के बाद मूर्खों को समझाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। मनुष्यों के समाज में भी ऐसे नफरती मूर्खों की कमी नहीं है।



**गधों से क्षमा याचना सहित** -गधे भी इतने मूर्ख नहीं होते और मूर्ख होते भी है, तो इतने जाहिल नहीं होते।

किशनगिरी गोस्वामी


# मानसून में क्यों ज्यादा होते हैं मुहांसे?

## जानिए कारण और इनसे छुटकारा पाने के घरेलू उपचार

एक्ने और ब्रेकआउट से राहत पाने के लिए तरह तरह के फेसवॉश और केमिकल युक्त प्रोडक्टस की मदद ली जाती है। इससे त्वचा का रूखापन बढ़ने का खतरा बना रहता है। जानते हैं एक्ने की समस्या से राहत पाने के लिए आसान उपायमानसून के दिनों में त्वचा का चिपचिपापन बना रहता है। बार बार फेसवॉश के बावजूद भी स्किन पर ऑयल नज़र आने लगता है। दरअसल, हवा में मौजूद पॉल्यूटेंट्स और नमी से स्किन पर डस्ट पार्टिकल्स एकत्रित होने लगते हैं, जिससे बार बार एक्ने का सामना करना पड़ता है। एक्ने और ब्रेकआउट से राहत पाने के लिए तरह तरह के फेसवॉश और केमिकल युक्त प्रोडक्टस की मदद ली जाती है। इससे त्वचा का रूखापन बढ़ने का खतरा बना रहता है। ऐसे में घरेलू नुस्खे मुहांसों से छुटकारा दिलवाने के साथ स्किन के लिए कई प्रकार से मददगार साबित होते हैं। जानते हैं एक्ने से राहत पाने के लिए आसान उपाय ।

**क्यों बरसात में ज्यादा होते हैं मुंहासे-** डर्माटोलॉजी कंसल्टेंट, हिन्दुजा हास्पिटल, डॉ रैना नाहर बताती हैं कि मानसून के मौसम में त्वचा पर मौजूद अतिरिक्त ऑयल से हेयर फॉलिकल्स में ऑयल और डेड स्किन सेल्स एकत्रित होने लगते हैं। इसके चलते व्हाइटहेड्स और ब्लैकहेड्स का सामना करना पड़ता है, जिससे मुहांसों का सामना करना पड़ता है।चेहरे के अलावा पीठ और फारहेड पर भी मुहांसों का खतरा रहता है। दरअसल, त्वचा की वसामय ग्रंथियां सीबम सिक्रीशन का कारण साबित होती हैं। इससे एक्ने का खतरा बना रहता है। ऐसे में स्किन को एक्ने से बचाने के लिए डीप क्लीजिंग के अलावा ऑयली स्किन के लिए जेल बेस्ड प्रोडक्टस का प्रयोग करना चाहिए।

**मुहांसों से राहत पाने के लिए इन टिप्स की लें मदद**



**1. ऑरेंज पील पाउडर-**संतरे के छिलकों को सुखाकर तैयार किए जाने वाले पील पाउडर में विटामिन सी की उच्च मात्रा पाई जाती है। इससे त्वचा की डीप क्लींजिंग में मदद मिलती है जिससे त्वचा के पोर्स में मौजूद उस्ट पार्टिकल्स को आसानी से रिमूव किया जा सकता है। इसके अलावा सीबम सिक्रीशन को भी नियत्रिंत किया जा सकता है। ऑरेंज पील पाउडर में शहद को मिलाकर चेहरे पर लगाने से स्किन एलर्जी से भी राहत मिलती है।

**2. हल्दी का पेस्ट-**दूध में हल्दी को मिलाकर चेहरे पर लगाने से सन डैमेज से राहत मिलती है। इसमें मौजूद एंटी इंफ्लामेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुण त्वचा पर मौजूद डेड स्किन सेल्स की समस्या हल कर देते हैं। इससे स्किन स्मूद और क्लीन रहती है। इसके अलावा चेहरे पर मौजूद ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से भी राहत मिल जाती है। सप्ताह में 2 बार इसे चेहरे पर लगाने से फायदा मिलता है।

**3. ग्रीन टी बैग्स हैं फायदेमंद-** स्किन को एक्ने से बचाने के लिए ग्रीन टी बेहद कारगर है। इसके लिए ग्रीन टी बैग को गर्म पानी में कुछ देर तक डालकर रखें। 2 से 3 मिनट के बाद बैग को बाहर निकालकर ठंडा होने के लिए रखें। अब उसे एक्ने पर 30 सेकण्ड से 1 मिनट तक रखें। इससे त्वचा पर मौजूद अतिरिक्त ऑयल कम होने लगता है और स्किन टाइटनिंग में मदद मिलती है। दरअसल, ग्रीन टी में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंटस की मात्रा त्वचा को एक्ने और दाग धब्बों से मुक्त रखती है।

**4. टी ट्री ऑयल-**एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर टी ट्री ऑयल को अप्लाई करने से त्वचा पर बढ़ने वाली रेडनेस, बर्निंग संसेशन और एक्ने से राहत मिलती है। इसे लगाने से पहले नारियल या बादाम के तेल में कुछ बूंद एड कर लें और फिर ऑयल की थिन लेयर को चेहरे पर अप्लाई करें। इससे स्किन का रूखापन और इचिंग कम होने लगते हैं।

# बॉलीवुड चटकारा





# कुशा कपिला

## ने शेयर कीं रोमांटिक तस्वीरें, डेटिंग की होने लगी चर्चा, लोग बोले- ये कौन है?



***कुशा कपिला ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लड़के के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में लड़के का चेहरा नजर नहीं आ रहा है। तस्वीरों को देख कयास लगा रहे हैं कि कुशा इस लड़के को डेट कर रही हैं।***


सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर कुशा कपिला इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं। उनके लेटेस्ट पोस्ट से उनकी डेटिंग की चर्चा तेज हो गई है। कुशा कपिला ने एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें वो एक लड़के के साथ नजर आ रही हैं। लड़के का चेहरा तस्वीर में नजर नहीं आ रहा है। तस्वीरों को देखने के बाद कई लोगों का कहना है कि कुशा इस लड़के को डेट कर रही हैं। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि ये तस्वीरें उनके ब्रैंड के लिए हैं।



**कुशा का लेटेस्ट पोस्ट-**कुशा ने कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में कुशा उस लड़के को हग करती, हाथों में हाथ डाले और मुस्कुराती नजर आ रही हैं। कुशा ने कैप्शन में लिखा- ये सब पोज तब के लिए जब आप उसे रिवील करना चाहते हों।

**कुशा ने क्या लिखा कैप्शन-**कुशा में कैप्शन में लिखा है- अनडरनीट का नया कैंपेन, प्यार में महिलाएं गिडी, कॉर्नी और बॉर्डरलाइन क्रिंज लेकिन क्यूट, खिलखिलाती और प्यार की भावना। महिलाएं जब प्यार में होती हैं तो बहुत ज्यादा दिलचस्प बन जाती हैं। लव और सॉफ्ट लॉन्च की स्पिरिट में यहां पर कुछ पोज हैं जो आपको अपने प्यार को ग्रिड में लॉन्च करने में मदद करेंगे। क्योंकि अब बॉयफ्रेंड रिवील एक चीज बन चुकी है।

## सलमान खान ने अपनी हिरोइन के लिए लिखा पोस्ट कहा- सोनाक्षी देवी...



सलमान खान ने शत्रुघ्न सिन्हा के बच्चों सोनाक्षी सिन्हा और कुश एस सिन्हा की अपकमिंग फिल्म 'निकिता रॉय' का प्रमोशन किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लोगों से फिल्म देखने की अपील की है।बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा की शादी के बाद पहली फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है। जी हां, उनकी सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'निकिता रॉय' 18 जुलाई के दिन सिनेमाघरों में दस्तक दी। ऐसे में उनके 'दबंग' के को-एक्टर सलमान खान ने सोशल मीडिया पर उनके लिए एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट की खास बात ये है कि इस पोस्ट में सलमान खान ने अपने अंदाज में सोनाक्षी की फिल्म का प्रमोशन किया है।

**सलमान ने क्या लिखा?** सलमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और एक्स पर फिल्म की टीम और सोनाक्षी को शुभकामनाएं दीं। फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए सलमान ने लिखा, सोनाक्षी देवी बनी निकिता रॉय (सोनाक्षी अपनी फिल्म 'निकिता रॉय' में निकिता का किरदार निभा रही हैं)! इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार हैज्आप भी जाकर देखो, कल रिलीज हो रही है! टीम को शुभकामनाएं... खूब मजे करो।

**सोनाक्षी ने दिया रिप्लाई-**सोनाक्षी ने सलमान की इंस्टाग्राम स्टोरी को री-पोस्ट करते हुए लिखा, 18 जुलाई खूब मजे करो। बता दें, सोनाक्षी की इस फिल्म को उनके भाई कुश एस सिन्हा ने डायरेक्ट किया है। सोनाक्षी के अलावा इस फिल्म में अर्जुन रामपाल और परेश रावल भी हैं।

## अगली फिल्म में भूत बनेंगी करीना कपूर,अपने से कम उम्र के एक्टर संग करेंगी रोमांस?



करीना कपूर खान अपनी अगली फिल्म में अपने ले छोटे स्टार के साथ रोमांस करती नजर आ सकती हैं। अपनी अगली फिल्म में करीना कपूर खान एक भूत की भूमिका निभाती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपने अपने बोल्ड और बिंदास अंदाज के लिए जानी जाती हैं। अब अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट में करीना कपूर अपने से छोटे स्टार के साथ रोमांस करती नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में करीना कपूर खान एक भूत की भूमिका निभाते नजर आ सकती हैं। करीना कपूर की ये कहानी हुसैन दलाल ने लिखी है।

**भूत के रोल में नजर आएंगी करीना कपूर खान-** एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना को भूत के रोल में दिखाने वाली ये अनोखी कहानी भूत वाली फिल्मों के लिए एक नया मुकाम बनाएगी। यह एक मजेदार और अलग तरह की कहानी होगी, और करीना इसके लिए परफेक्ट हैं।

**अपने से छोटे एक्टर संग रोमांस करती नजर आएंगी करीना-**रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म को हुसैन दलाल ने लिखा है। हुसैन दलाल कई प्रोजेक्ट्स पर अयान मुखर्जी के साथ काम कर चुके हैं। हुसैन दलाल ब्रह्मास्त्र के पहले पार्ट के राइटर भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में करीना कपूर अपने से काफी छोटे उम्र के एक्टर, जो अपने 20s में हैं, के साथ रोमांस करेंगी। बता दें, ये खबर ऐसे वक्त पर आई है जब रणवीर सिंह की अपने अगली फिल्म धुरंधर में अपने से छोटी एक्ट्रेस संग रोमांस को लेकर उनकी आलोचना हो रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो रणवीर सिंह फिल्म में 18 साल की सारा अर्जुन के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# टेस्ला का आना भारत के लिए लाभकारी

आखिरकार टेस्ला के कदम भारत में पड़ ही गए। आलोचकों की नजर में यह मध्यवर्गीय परिवारों का उपहास है, क्योंकि इस वर्ग की आर्थिक हैसियत इतनी नहीं है कि वह टेस्ला की महंगी गाड़ियों के बारे में सोच भी सके, जबकि भारतीय बाजार इन्हीं लोगों के भरोसे आगे बढ़ रहा है। मगर ऐसे आलोचक शायद भूल जाते हैं कि किसी विदेशी कंपनी के आने से किस-किस तरह के लाभ मिलते हैं। निस्संदेह, एलन मस्क ने महंगी गाड़ी उतारी है, लेकिन इससे भारत को कई तरह से परोक्ष फायदा हो सकता है, खासतौर से ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनियों को इससे खूब फायदा मिल सकता है। मिसाल के तौर पर, टेस्ला के रियर व्यू मिरर, गियर्स, चार्जर, ब्रेक के पार्ट, सेंसर्स आदि तमाम उपकरण दूसरी कंपनियां बनाती हैं। ऐसे में, टेस्ला के आने से इन कंपनियों को फायदा मिल सकता है। इतना ही नहीं, इलेक्ट्रिक गाड़ियों का एक फायदा यह भी है कि वे स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देती हैं। टेस्ला की बैटरी चार्जिंग पेट्रोल-डीजल की तुलना में सस्ती पड़ेगी, जिसके कारण ईंधन की मांग प्रभावित हो सकती हैं। वैसे भी, टेस्ला सिर्फ गाड़ियां नहीं बनाती है, वह सौर ऊर्जा व बैटरी स्टोरेज सिस्टम पर भी काम करती है। इससे गांवों में सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप, बैटरी से चलने वाले कृषि यंत्र, घरों की बिजली जैसी जरूरतें पूरी की जा सकती हैं। चूंकि जलवायु परिवर्तन की सर्वाधिक मार किसानों पर पड़ती है, इसलिए ऐसी गाड़ियां आम लोगों के हित में मानी जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ ऐसी गाड़ियां फायदेमंद होती हैं। इतना ही नहीं, इलेक्ट्रिक गाड़ियों के विस्तार से चार्जिंग स्टेशन, बैटरी रिपेयरिंग, मेटनेंस जैसे कामों में ग्रामीण नौजवानों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुल सकते हैं। कुल मिलाकर, टेस्ला जैसी गाड़ियां भारत को कई मायने में लाभ पहुंचा सकती हैं, इसलिए सिर्फ इनकी कीमतों को देखना, इसका एकांगी मूल्यांकन करना होगा।सच यह भी है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटो बाजार है। यहां इलेक्ट्रिक गाड़ियों का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में, यदि टेस्ला जैसी कंपनियां यहां आती हैं, तो विश्व मंच पर भारत को फायदा मिलेगा। इसके बाद अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी भारतीय बाजार में उतर सकती हैं, जिससे यहां प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा मिलेगा। ऐसा मुकाबला किस तरह से उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचा सकता है, यह बताने की जरूरत नहीं है। चूंकि भारत का ईवी बाजार 2030 तक सालाना 25 फीसदी की दर से बढ़ सकता है, इसलिए उम्मीद है, नई गाड़ियों की आवक भारतीय बाजार को आगे बढ़ाएगी।आंकड़े बताते हैं कि भारत में अमीरों की संख्या बढ़ना भले ही बाजारवाद की दृष्टि से गर्व करने वाली बात हो, पर हकीकत यही है कि हमारे देश की एक बड़ी आबादी आज भी सरकार पर निर्भर है। ऐसे में, स्वाभाविक ही टेस्ला को कई चुनौतियों से जूझना होगा। एलन मस्क निस्संदेह दुनिया के बड़े उद्योगपतियों में शुमार हैं और विश्व भर में उनकी कंपनियों के उत्पाद बिकते हैं। मगर भारत के ऑटो बाजार में उनका उतरना शायद ही फायदेमंद हो सकेगा।असल में, भारतीय बाजार की रीढ़ मध्यमवर्गीय लोग हैं। ये वे लोग हैं, जिनकी सालाना आमदनी पांच लाख रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक है। अधिक कमाने वाले लोग बेशक महंगी गाड़ियों का शौक रखते होंगे, लेकिन अधिकतर लोगों की पसंद सस्ती और टिकाऊ गाड़ियां होती हैं।



राम गोपाल सैनी

# सात दिवसीय नि:शुल्क योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का हुआ समापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** आरएन नोवाल फाउंडेशन द्वारा आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन खेड़ापति बालाजी आश्रम सामोद में हुआ। यह शिविर 13 जुलाई से लगाया जा रहा था शिविर के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि आयकर उपायुक्त कमलेश मीणा रहे । विशिष्ट अतिथि चौमूं पुलिस थाना इंचार्ज प्रदीप शर्मा ,आयकर अधिकारी राजेश मीणा, समाज सेवी भंवरलाल दहिया रहे । समापन सत्र की अध्यक्षता प्रेम दास महाराज ने की।



आर एन नोवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष रामनिवास नोवाल बताया कि डॉ. राकेश कुमार शर्मा की देखरेख में 25 व्यक्तियों की चिकित्सा टीम अपनी सेवाएं दे रही थी। शिविर के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में विशेष रूप से दमा, गठिया, घुटनों का दर्द, कमर दर्द, उदर रोग आदि के रोगी अधिक संख्या में उपचार कराने आए । समापन के अवसर पर रोगियों ने अपने उदगार भी मंच के समक्ष बताए।

इस अवसर पर आश्रम के युवराज विजय रामदास महाराज, प्रवक्ता रामचरण दास महाराज, भारतीय योग आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की अध्यक्षा डॉक्टर अल्पना शर्मा, चैतन्य जीवन सेवा संस्थान के सचिव चैतन्य शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर आर एन नोवाल फाउंडेशन द्वारा 251 विभिन्न प्रकार के पौधों का वितरण भी किया गया।


# जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल दे रहा मरीजों को उत्कृष्ट सेवाएँ

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के जयपुर रोड, गणेश विहार द्वितीय स्थित जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल मरीजों को उत्कृष्ट सेवाएँ दे रहा है। हॉस्पिटल में बिना ऑपरेशन के ही गंभीर रोगों का इलाज सफलतापूर्वक किया जा रहा है। हॉस्पिटल निदेशक डॉक्टर आरके सैनी ने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में लकवा, जोड़, कमर , गर्दन, ओर्थो और न्यूरो रेहेबिलिटेशन की सेवाएँ 14 वर्षों से जारी हैं । मरीजों को आयुर्वेद नेचुरोथेरेपी, डीकंप्रेशन थेरेपी, न्यूरो फिजियोथैरेपी, पल्स इलेक्ट्रोमैग्नेटिक थेरेपी द्वारा इलाज दिया जाता है । इससे मरीज कम समय में ही आसानी से चल फिर सकता है । अब तक करीब 30 हजार से अधिक मरीजों का बिना ऑपरेशन के सफल इलाज़ किया जा चुका है । इलाज के दौरान हॉस्पिटल स्टाफ दीपक, महेंद्र, सरोज, सरिता, मनीषा, बंटी का विशेष सहयोग रहता है ।




Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
थाना मोड़, चौमूँ
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

# सायर मल माली बने चौमूं नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं गीधावाली कोठी निवासी और नगर परिषद चौमूं के पार्षद सायर मल माली को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने नगर कांग्रेस कमेटी चौमूं का अध्यक्ष नियुक्त किया है । नियुक्ति पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है । नव नियुक्त नगर अध्यक्ष सायर मल माली ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया है ।

### आरपीएससी ने विभिन्न पदों पर बंपर भर्तियों के विज्ञापन जारी किए

# 12 हजार से अधिक पदों पर होगी भर्तियां

जयपुर(नि.सं.)। आरपीएससी ने विभिन्न पदों पर बंपर भर्तियों के विज्ञापन जारी किए हैं। इनके तहत 5 विभागों में 12 हजार 121 पदों पर भर्तियां की जाएगी। इनको सम्मिलित करते हुए वर्ष 2025 के दौरान आयोग द्वारा 9 भर्तियों के विज्ञापन अभी तक जारी किए जा चुके हैं। विस्तृत सूचना हेतु भर्ती विज्ञापनों का अवलोकन आयोग की वेबसाइट पर किया जा सकता है। आयोग सचिव ने बताया कि विभिन्न विभागों से प्राप्त भर्ती अर्थनाओं के क्रम में भर्तियां की जानी है।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।